श्री कृष्ण वासुदेव गौशाला मुंडलाना के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

16 फरवरी, 2022 को हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने ध्वजारोहण के साथ श्री कृष्ण वासुदेव गौशाला मुंडलाना के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया और गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर बल दिया।

प्रमुख बिंदु

- उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिये गौशालाओं में लघु उद्योगों की स्थापना की जानी चाहिये, जिससे गौशाला की खुद की आमदनी हो सके। साथ ही मुंडलाना गौशाला को भी इस दिशा में आगे बढ़ाने के लिये प्रोत्साहन देते हुए घोषणा की कि लघु उद्योग स्थापित करने के लिये सरकार आर्थिक मदद देगी।
- उप-मुख्यमंत्री ने मुंडलाना स्थित श्री कृष्ण वासुदेव गौशाला में नव-निर्मित मंदिर का भी लोकार्पण किया।
- उप-मुख्यमंत्री ने इस मौके पर हिसार तथा पिंजौर की गौशालाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि अब गौशालाओं को स्वयं की आय अर्जन की ओर आगे बढ़ाना होगा। हिसार के लाडवा की गौशाला साबुन व सर्फ बनाती है और गौमूत्र की पैकिंग भी कर बिक्री करती है। पिंजौर गौशाला में गौमूत्र व गोबर से पेंट बनाया जाता है।
- नया गाँव में बायोगैस प्लांट की स्थापना का सफल प्रयोग रहा है, जिससे निर्मित गैस से पूरे गाँव को आपूर्ति की जाती है।
- उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि मुंडलाना गौशाला में भी बायोगैस प्लांट लगवाएँ। इस दिशा में यह गाँव एक आदर्श गाँव के रूप में स्थापित हो। इसके लिये एक कमेटी का गठन किया जाए जो कि हिसार व पिंजौर आदि गौशालाओं का अध्ययन कर लघु उद्योग की ओर कदम बढ़ाए।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/annual-festival-of-shri-krishna-vasudev-gaushala-mundlana